## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. वस्तु और सेवा कर परिषद ने कहा–करदाता पिछले वित्त वर्ष के मांग आदेशों के संबंध में अपनी अपील अगले वर्ष जनवरी तक कर सकते हैं दाखिल।

2. दस वर्ष पुराने आधार कार्ड का अपडेट कराने की बढ़ाई गई तिथि, 14 दिसंबर तक होगा ऑनलाइन निःशुल्क अपडेट ।

3. धनबाद जिले के बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र में आज अहले सुबह पांच घर हुए जमींदोज, लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ है रोष।
4. आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा, मैच चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में दोपहर दो बजे से होगा शुरू।

*******************

वस्तु और सेवा कर परिषद ने मार्च 2023 तक कर जारी मांग आदेश के संबंध में अपील दाखिल करने की तारीख़ 31 जनवरी 2024 तक के लिए बढ़ा दी है। जीएसटी कानून के अनुसार, सामान्यतः ऐसी अपील, आदेश जारी होने के तीन माह के भीतर दायर करनी होती है जिसे अधिकतम एक माह तक बढ़ाया जा सकता है। कल 52वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी पंजीकृत कारोबारों को मौजूदा 10 प्रतिशत के स्थान पर साढ़े बारह प्रतिशत की कर–मांग के विरुद्ध याचिका दायर करने के लिए अतिरिक्त समय देने का निर्णय भी लिया गया।

*******************

दस वर्ष पुराने आधार कार्ड का अपडेट कराना जरूरी हो गया है। इसके तहत 14 दिसंबर तक ऑनलाइन निःशुल्क अपडेट कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसके पूर्व आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराने के लिए 14 जून 2023 की तारीख निर्धारित की गई थी, लेकिन इससे पहले ही तीन महीने के लिए 14 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया। अब एक बार फिर से यूआईडीएआई ने इस सुविधा को 14 दिसंबर 2023 तक के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है। इस क्रम में नया आधार रजिस्ट्रेशन, पुराने कार्ड को अपडेट करने की सुविधा मिलेगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल सारठ प्रखंड के सिकटिया में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। 484दशमलव 35 करोड़ रूप्ये निर्माण लागत की इस योजना की तैयारी कर ली गई है। इस योजना के माध्यम से देवघर और जामताड़ा जिले के सारठ, करो, विद्यासागर तथा जामताड़ा प्रखंड में अधिक उंचाई वाली भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे देवघर और जामताड़ा जिले के 27 पंचायतों के एक लाख किसानों को लाभ मिलेगा। इसके तहत तेरह हजार एक सौ चौसठ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने की योजना है। योजना को अगले तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर लाभुकों के चयन और उन्हें अंशदान के भुगतान का निर्देश राज्य सरकार ने सभी जिला उपायुक्तों को दे दिया है। मालूम हो कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान इस योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में लाभुकों के आवेदन लंबित पाये गये थे। इसके बाद मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर लाभुकों के चयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने, नवयुवकों को आत्मनिर्भर बनाने और पलायन रोकने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना चला रही है।

*******************

राज्य में शनिवार को डेंगू के 363 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 54 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे अधिक गिरिडीह जिले में डेंगू के 34 मरीज, पूर्वी सिंहभूम में 17 और पश्चिमी सिंहभूम में तीन मरीज मिले हैं। वहीं राज्य में चिकनगुनिया के 45 संदिग्ध मामले मिले हैं। हालांकि जांच के बाद किसी भी मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

*******************

सिक्किम में बादल फटने और मूसलाधार बारिश से आई प्राकृतिक आपदा के दौरान गोड्डा जिले के कुछ मजदूरों के लापता होने एवं अन्य के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में जिला प्रशासन के निर्देश पर संजय आनंद, श्रम अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची से दूरभाष पर वार्ता करके गोड्डा, जिले के लापता या फंसे मजदूरों के संबंध में जानकारी ली गई । मध्य राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष लगातार सिक्किम के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के स्थानीय प्रशासन के संपर्क मे हैं ।

*******************

धनबाद जिले के सिजुआ बीसीसी एल सिजुआ क्षेत्र के अग्नि प्रभावित क्षेत्र जोगता 11 नंबर में आज अहले सुबह जोरदार आवाज के साथ पांच घर जमींदोज हो गए। इस घटना में पांचों परिवार के लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना के बाद यहां अफरा–तफरी का माहौल हो गया। भू – धंसान इलाके से तेजी से गैस रिसाव हो रहा है, जिससे बस्ती के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगो के बीच बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ रोष है। घटना की जानकारी मिलते ही जोगता थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

*******************

सरायकेला खरसांवा जिला समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में सभी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो में पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिया गया। उपायुक्त नें कहा विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय की नियमित साफ सफाई तथा आवश्यकतानुसार तत्काल मरमत्ती विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित निर्माण कार्य में तेजी लाने, हर घर नल जल योजना और जल जीवन मिशन योजना से सभी विद्यालय आंगनबाड़ी केन्द्रो को जोड़ने के निर्देश दिये।

*******************

सरायकेला जिला मुख्यालय स्थित काशी साहु महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट–वन और यूनिट–टू ने मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर इंचार्ज डा. विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट–वन के मनोज महतो और यूनिट–टू की डा. विनीता उरांव के द्वारा किया गया। कलश यात्रा में सभी एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा मिट्टी व चावल कलश में डालते हुए भारत को 2041 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने और देश की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने की शपथ ली।

*******************

लगभग दो दशक से नक्सल समस्या से जूझ रहे पश्चिमी सिंहभूम जिले में अब इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है।

*******************

देवघर एम्स के वित्तीय लेखा–जोखा की ऑनलाइन समीक्षा की गयी। इसमें एम्स के प्रेसिडेंट एनके अरोड़ा, एम्स के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय, सांसद निशिकांत दुबे सहित अन्य सदस्य शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि देवघर एम्स में आउटसोर्सिंग कंपनियों की ओर से जितनी भी नियुक्तियां होंगी, उसमें से 80 फीसदी स्थानीय

युवाओं को तृतीय व चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में प्राथमिकता दी जायेंगी। बैठक में देवघर एम्स की इमरजेंसी सेवा चौबीसों घटें चालू करने का भी फैसला लिया गया।

*******************

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। यह मैच चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में दोपहर बाद दो बजे से खेला जायेगा। प्रतियोगिता में, कल नई दिल्ली में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए जो विश्व कप में किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। जवाब में, श्रीलंका की टीम 45वें ओवर में 326 रन पर सिमट गई। कल एक अन्य मुकाबले में, धर्मशाला में, बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हरा दिया।

*******************

चीन के हांगचोओ में आयोजित हुए एशियाई खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा है। भारत ने वर्ष 2018 में जकार्ता में बनाए गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को 37 पदकों से पीछे छोड़ दिया है। भारत ने कल चौदहवें दिन 6 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक हासिल किए।

*******************